Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 15 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 139

## आचार संहिता के उल्लंघन पर अब तक 1366 एफ आईआर दर्ज, -लगभग 78.11 करोड़ रूपए से अधिक का कैश बरामद



**लखनऊ (आरएनएस)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश भर में लागू आदर्श आचार संहिता को सुनिश्चित कराने के लिये सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक कुल 1,03,24,101 प्रचार सामग्री हटायी गयी है, जिसमें से सार्वजनिक स्थानों से 75,90,105 एवं निजी स्थानों से 25,33,966 प्रचार सामग्री हटायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से वाल राइटिंग के 5,18,846 पोस्टर के 33,14,601 बैनर के 24,84,792 तथा 12,71,866 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार निजी स्थलों से वाल राइटिंग के 2,25,474 पोस्टर के 11,28,018 बैनर के 7,27,130 तथा 4,53,374 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, समावेशी एवं कोविड सुरक्षित मतदान कराने के लिए प्रदेश में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिस, आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा अब तक 8,72,736 लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये, जिसमें से आज 1289 लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये। अब तक 629 लाइसेन्स जब्त किए गए तथा 1946 लाइसेन्स निरस्त किये गये। इसी प्रकार सी0आर0पी0सी0 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुये 32,03,165 लोगों को पाबन्द किया गया हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अब तक विभिन्न धाराओं में 1366 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी है, जिसमें से आज विभिन्न धाराओं में 49 एफआईआर दर्ज की गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा अब तक 9095 शस्त्र, 9448 कारतूस, 229 विस्फोटक एवं 280 बम बरामद किये गये। पुलिस विभाग द्वारा रेड डालकर अवैध शस्त्र बनाने वाली 178 फैक्ट्रियों को सीज किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुलिस विभाग एवं आयकर विभाग की कार्रवाई में अब तक 78.11 करोड़ रूपये से अधिक का कैश बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 44.32 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की 16,29,879 लीटर मदिरा जब्त की गयी हैं। इसी प्रकार नारकोटिक्स एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 38.05 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य का 13,958 कि0ग्रा0 ड्रग्स जब्त किया गया है। साथ ही पुलिस एवं आयकर विभाग द्वारा अब तक लगभग 30.90 करोड़ रुपये मूल्य की 304 किग्रा0 की बहुमूल्य धातुएं बरामद की गयी। इसके अतिरिक्त 1.77 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं भी बरामद की गयी हैं।

## बांकेबिहारी मंदिर अब 'सोने की देहरी' को लेकर चर्चा में

❖ दो सेवायत पक्ष आए आमने सामने

❖ कोर्ट के आदेश पर लगाई गई है देहरी पर फाइवर सीट

**मथुरा (आरएनएस)।** वृंदावन का विश्व प्रसिद्ध बांकेबिहारी मन्दिर एक बार फिर चर्चा में है। इस बार वजह बनी है गर्भगृह पर लगी सोने की देहरी। सोने की देहरी को लेकर मंदिर से जुडे दो सेवायत गोस्वामी पक्ष ही आमने सामने हैं। यह मामला न्यायालय तक भी पहुंच चुका है। सवाल उठा रहे सेवायत ने अपना वीडियो जारी कर इस बात पर आपत्ति जताई है कि सोने की देहरी पर फाइवर की सीट चढा दी गई है। आरोप लगा रहे सेवायत का कहना है कि पत्थर की देहरी की जगह चांदी की देहरी लगाई गई, चांदी की जगह सोने की लगाई गई है। इस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। ने किल फाइवर की सीट पर हमें आपत्ति है। यह करोडों लोगों की आस्था का सवाल है। फाइवर की सीट पर देहरी पूजन कराना ठीक नही है। यह धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप भी नहीं है। सवाल उठा रहे दिनेश गोस्वामी ने जारी किए वीडियो में कहा है कि फाइवर पर पूजा नहीं होती है, मेटल पर पूजा होनी चाहिए। हम फाइवर पर पूजा नहीं होने देंगे, फाइवर पर पूज होगी, यह हमारी आस्थाओं से खिलवाड है। प्रतिदिन श्रद्धालु देहरी पूजन करते हैं। फाइवर की सीट को हटवाया जाए और सोने की शुद्धता की जांच कराई जानी चाहिए।

*"एक गोस्वामी ने लगाई है, दूसरा गोस्वामी इस पर उंगली उठा रहा है। ये लोग कोर्ट में गए थे, कोर्ट ने कहा दिया कि दोनों पक्ष जांच करा लो सबके सामने। आज कल में जांच भी आ जाएगी। दूसरा पक्ष कह रहा है कि देहरी में लगा सोन ठीक नहीं है। फाइवर सीट कोर्ट के आदेश पर लगवाई है। दोनों पक्ष राजी है। टंच को लकर कोई मामला नहीं है। बस इसे दिखाया जा रहा है।"* **-मुनीशचंद शर्मा, मैनेजर बांकेबिहारी मंदिर**

## जाली मार्कशीट बनाने वाला ठग किशोरी को बंधक बना वर्षो से कर रहा था हैवानियत

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के राजधानी में जाली मार्कशीट बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले ठग मनीष प्रताप सिंह की शर्मनाक करतूत उजागर हुई है। आरोपित ने एक किशोरी को छह साल से घर में बंधक बनाकर रखा था। आरोपित न केवल किशोरी का यौन शोषण कर रहा था, बल्कि उसके साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर रखी थीं। 24 घंटे सीसी कैमरे से निगरानी करता था। यहां तक कि किशोरी के शौचालय में भी कैमरे लगा रखे थे।

डीसीपी सोमेन बर्मा के मुताबिक मनीष को जेल भेजने के बाद पीड़िता से पूछताछ की गई तो उसने आपबीती बताई। मूलरूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले की रहने वाली 15 साल की किशोरी को 2016 में मनीष अपने साथ लेकर लखनऊ आया था। किशोरी के माता-पिता को बताया था कि वह उसको पढ़ा-लिखाकर नौकरी लायक बनाएगा। इसके बाद वह किशोरी को साथ लेकर शिवाजी मार्ग अमीनाबाद स्थित अपने घर लेकर आया और उसे बंधक बना दुष्कर्म करता रहा। विरोध करने पर तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर पिटाई करता था।

शुक्रवार को पुलिस ने जाली मार्कशीट बनाए जाने की जानकारी मिलने पर मनीष के यहां छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया। मनीष के घर में मौजूद युवती के बारे में पुलिस ने जानकारी की तो कर्मचारियों ने बताया कि वह आरोपित की पत्नी है। युवती से पुलिस ने संपर्क कर जानकारी ली तो वह फफक पड़ी और पूरी कहानी बयां कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मनीष के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआइआर दर्ज की है। डीसीपी पश्चिमी का कहना है कि युवती को रेस्क्यू करा लिया गया है। पीड़िता के माता-पिता से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जनवरी में कोयला उत्पादन रिकॉर्ड 6.13 प्रतिशत बढ़कर हो गया 79.60 मिलियन टन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश का कोयला उत्पादन जनवरी, 2020 की तुलना में जनवरी, 2022 के दौरान 75 मिलियन टन से 6.13 प्रतिशत बढक़र 79.60 मिलियन टन हो गया। कोयला मंत्रालय के अनंतिम आंकड़ा के अनुसार इस वर्ष जनवरी के दौरान कुल उत्पादन में से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 64.50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर 2.35 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की। सिंगरेनी कोलियरीज लिमिटेड (एससीसीएल) ने 5.42 प्रतिशत वृद्धि के साथ 6.03 एमटी का उत्पादन किया। इस अवधि के दौरान कैप्टिव ब्लॉकों में 9.07 एमटी कोयले का उत्पादन किया और 44.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

जनवरी, 2022 के दौरान कोयला डिस्पैच 10.80 प्रतिशत बढक़र 68.19 एमटी से 75.55 एमटी हो गया। जनवरी, 2022 के दौरान कुल उत्पादन में से कोल इंडिया लिमिटेड 7.71 प्रतिशत की वृद्धि की और उसके द्वारा 60.85 एमटी कोयला डिस्पैच किया गया। सिंगरेनी कोलियरीज लिमिटेड (एससीसीएल) ने 6.99 एमटी कोयला भेजकर 6.45 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। इस अवधि में कैप्टिव ब्लॉकों में 8.71 एमटी कोयला भेजकर 43.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

शीर्ष 35 कोयला उत्पादन खदानों में 14 खदानों ने 100 प्रतिशत से अधिक काम किया तथा 6 खदानों का उत्पादन 80 और 100 प्रतिशत के बीच रहा।

जनवरी, 2020 की तुलना में जनवरी 2022 में कोयला आधारित विद्युत उत्पादन 9.21 प्रतिशत बढ़ा। जनवरी, 2020 की तुलना में जनवरी, 2022 में समग्र विद्युत उत्पादन 6.69 प्रतिशत अधिक रहा है। दिसम्बर, 2021 के 85579 एमयू की तुलना में जनवरी, 2022 में कोयला आधारित विद्युत उत्पादन 886.42 एमयू हुआ और इसमें 3.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। देश में कुल विद्युत उत्पादन जनवरी, 2022 में बढक़र 115757 एमयू हो गया है, जो दिसम्बर, 2021 में 113094 एमयू था।

वित्त वर्ष 2022 के कोयले उत्पादन की तुलना वित्त वर्ष 2020 से की गई है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण वित्त वर्ष 2021 असामान्य माना गया है।

## दिल्ली के तिलक नगर में 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला से रेप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के तिलक नगर इलाके में कथित तौर पर एक अज्ञात शख्स द्वारा घर में घुसकर 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। पीड़ित महिला अपनी 65 वर्षीय बेटी के साथ रहती है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिस्तर पर पड़ी 87 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर में घुसकर उसका यौन उत्पीडऩ किया और फिर उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि घटना बीती रात की है, जब महिला की 65 वर्षीय बेटी अपने एक दोस्त से मिलने बाहर गई थी। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें यौन उत्पीडऩ और चोरी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि 13 फरवरी को बुजुर्ग महिला की बेटी ने घर से मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दी थी, जिस पर एफआईआर की गई थी, आज पुलिस को दुष्कर्म होने की शिकायत दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने पहली एफआईआर में ही दुष्कर्म की धारा जोड़ दी हैं।

वहीं, बुजुर्ग महिला के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कार्रवाई में देरी की और उनकी शिकायत नहीं ली। हालांकि, अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

दिल्ली पुलिस को टैग करते हुए परिवार के एक करीबी ने ट्वीट किया, मेरे दोस्त की 87 वर्षीय दादी के साथ कल दिल्ली के तिलक नगर में बलात्कार किया गया था। उन्हें भी चोटें आई हैं। पुलिस सहयोग नहीं कर रही है और एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर रही है।

पुलिस ने कहा कि बीती रात को केवल चोरी की शिकायत दर्ज की गई थी और इसके आधार पर तिलक नगर पुलिस स्टेशन में तुरंत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि सोमवार को शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसका यौन उत्पीडऩ भी किया गया और इससे संबंधित आईपीसी की धाराओं को एफआईआर में जोड़ा गया है।

दिल्ली पुलिस ने ट्वीट किया, रविवार को तिलक नगर के एक घर से एक वरिष्ठ नागरिक की बेटी से मोबाइल फोन चोरी की लिखित शिकायत मिली, जिसके बाद संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। आज, शिकायतकर्ता द्वारा यौन उत्पीडऩ का और आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कानून की प्रासंगिक धाराएं जोड़ी गई हैं और जांच की गई है। पीड़ित को परामर्श और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

पुलिस ने कहा कि परिवार के सदस्यों के अनुसार, अज्ञात शख्स घर में घुस गया और जब बुजुर्ग महिला ने उसे देखा और पूछताछ की तो उसने कहा कि वह एक गैस एजेंसी के लिए काम करता है और उसे काम के लिए घर पर बुलाया गया था। जब महिला को उस पर संदेह हुआ तो उसने शोर मचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया, उसका यौन उत्पीडऩ किया और उसका मोबाइल फोन चुराकर भाग गया।

पुलिस ने बताया कि परिजनों ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब उसकी बेटी घर पहुंची, तो उसने अपनी मां को घायल पाया और पुलिस से संपर्क किया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम) प्रशांत गौतम ने सोमवार को कहा कि पीड़िता की पहली शिकायत में लगाए गए आरोपों के आधार पर तिलक नगर पुलिस स्टेशन में चोरी से संबंधित आईपीसी की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

## अगले 48 घंटे तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में रहेगा खराब मौसम



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को मौसम साफ रहा और आम तौर पर धूप खिली रही। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान अनिश्चित मौसम रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है कि 15 फरवरी से 21 फरवरी के दौरान मौसम अनिश्चित रहने की संभावना है। 15, 16, 18 और 19 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर के स्थानों पर हल्की बारिश, हिमपात (ऊंचे स्थानों पर) की संभावना है।

अगले 10 दिनों तक बारिश, हिमपात का कोई पूर्वानुमान नहीं है। न्यूनतम तापमान श्रीनगर में 1.4, पहलगाम में माइनस 3.4 और गुलमर्ग में माइनस 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, द्रास शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 18.0, लेह में शून्य से 11.2 और कारगिल में शून्य से 15.2 नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में 9.3, कटरा में 8.4, बटोटे में 2.9, बनिहाल में 1.2 और भद्रवाह में 1.8 न्यूनतम रहा।

## व्यापार और उद्योग मंत्रालय ने भारत में जापानी औद्योगिक टाउनशिप के तहत प्रगति की संयुक्त समीक्षा की



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में जापानी औद्योगिक टाउनशिपों (जेआईटी) के तहत होने वाली प्रगति की वार्षिक समीक्षा करने के लिये भारत के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) तथा जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) के बीच एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। डीपीआईआईटी और राज्यों ने इन टाउनशिपों में जापानी निवेशकों के लिये विकसित भूखंडों और अवसंरचना की सहज उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। निवेश करने के लिये जापानी कंपनियों को टाउनशिपों का दौरा करने के लिये आमंत्रित किया गया।

डीपाआईआईटी ने एमईटीआई के साथ जापानी औद्योगिक टाउनशिपों की स्थिति की समीक्षा की। कोविड-19 के हालात को ध्यान में रखते हुये वर्चुअल माध्यम से बैठक की गई। भारत स्थित जापानी दूतावास और जापान विदेश व्यापार संगठन (जेईटीआरओ) ने भी जापानी पक्ष से बैठक में हिस्सा लिया। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय, टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों तथा राज्य सरकारों और इनवेस्ट इंडिया के प्रतिनिधियों ने बैठक में शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि जापान औद्योगिक टाउनशिपों को भारत-जापान निवेश और व्यापार संवर्धन तथा एशिया-प्रशांत आर्थिक एकीकरण के लिये कार्य-विषय के अनुपालन में स्थापित किया गया है। इस पर जापान के एमईटीआई और भारत के डीपीआईआईटी ने अप्रैल 2015 में हस्ताक्षर किये थे, ताकि जापान औद्योगिक टाउनशिपों का विकास करने के लिये कदम उठाये जायें, खासतौर से दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक गलियारा (डीएमआईसी) और चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा (सीबीआईसी) क्षेत्रों में। इसका लक्ष्य भारत में निवेश करने के लिये जापान को सहयोग करना है।

जापान अकेला ऐसा देश है, जिसके पास भारत में समर्पित औद्योगिक टाउनशिप है। इन जापानी औद्योगिक टाउनशिपों में कई सुविधायें उपलब्ध हैं, जैसे अनुवाद और सहयोग के लिये विशेष जापान डेस्क, विश्वस्तरीय अवसंरचना सुविधायें, इमारत, सडक़, बिजली, पानी, सीवर जैसी तैयार सुविधायें, आवासीय संकुल और जापानी कंपनियों के लिये विशेष प्रोत्साहन, आदि। टाउनशिपों में ये सभी तैयार सुविधायें हैं और पूरी तरह से विकसित भूखंड आबंटन के लिये उपलब्ध हैं।

इस समय सभी टाउनशिपों में 114 जापानी कंपनियां काम कर रही हैं। नीमराना और सिटी औद्योगिक टाउनशिपों में ज्यादातर जापानी कंपनियां मौजूद हैं। डायकिन, इसुजू, कोबेल्को, यामाहा म्यूजिक, हिताची ऑटोमोटिव, आदि जैसे बड़े नाम हैं, जिन्होंने यहां निवेश किया है। इन टाउनशिपों में इन जापानी कंपनियों ने निर्माण इकाइयां स्थापित की हैं।

भारत में पांचवें सबसे बड़े निवेशक होने के नाते, जापान ने वर्ष 2000 के बाद से 36.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का समग्र निवेश किया है। यह निवेश खासतौर से मोटर-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली की डिजाइन और निर्माण (ईएसडीएम), चिकित्सा उपकरण, उपभोक्ता सामान, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और रसायनों के क्षेत्र में किया है।

बैठक के दौरान यह जानकारी में लाया गया कि भारत सरकार ने निवेश को आकर्षित करने और व्यापार सुगमता में सुधार लाने के लिये कई योजनाओं की घोषणा की है। उत्पादनयुक्त प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को 14 सेक्टरों के लिये घोषित किया गया तथा इस सम्बंध में कई आवेदन प्राप्त हुये हैं। जापानी कंपनियों ने भी पीएलआई योजना के लिये आवेदन किया है और उन्हें अनुमति भी मिल गई है। भारत सरकार ने जिस राष्ट्रीय एकल खिडक़ी प्रणाली की पहल की है, उसके बारे में भी जापानी पक्ष को जानकारी दी गई। इस वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफार्म से इस समय 20 केंद्रीय मंत्रालय तथा 14 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश जुड़े हुये हैं। नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) में प्रमुख सेक्टरों के अधोसंरचना विकास को समाहित किया गया है, जैसे ऊर्जा, रेल, सडक़, सिंचाई आदि। वर्ष 2019 और 2025 के बीच 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की योजना बनाई गई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू में वायु सेना स्टेशन में प्रवेश करने के चलते 2 लोग हुए गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू शहर में भारतीय वायु सेना स्टेशन के तकनीकी क्षेत्र में घुसने की कोशिश करने वाले दो लोगों को सुरक्षा कर्मचारियों ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने कहा कि पश्चिम बंगाल से संबंधित दो लोगों को जम्मू के सतवारी इलाके में भारतीय वायु सेना स्टेशन के सुरक्षा कर्मचारियों ने हिरासत में लिया, जब उन्हें स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर देखा गया। दोनों स्टेशन के तकनीकी क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनकी पहचान कवि राज छेत्री और सुभाष दारजी के रूप में की गई है। वायु सेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उन्हें सतवारी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया है। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज करने के बाद अब दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### सावंत ने लोगों से किया बढ़-चढ़ कर मतदान का आग्रह

**पणजी (आरएनएस)।** गोवा में विधानसभा की 40 सीटों के लिए जारी मतदान के बीच मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को राज्य के लोगों से बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, आज लोकतंत्र के जश्न का दिन है। मैं सभी से अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील करता हूं। एक वोट भविष्य, स्थायित्व, महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति, पूर्ण विकास और समृद्ध गोवा के लिए। गौरतलब है कि गोवा में विधानसभा की 40 सीटों पर मतदान चल रहा है, जिसमें 301 उम्मीदवारों का भविष्य तय होना है।

### बरेली में मतदानकर्मी समेत सडक़ हादसे में तीन मरे

**बरेली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के मीरगंज क्षेत्र में महिला मतदान कर्मी को पोलिंग पार्टी लेकर जा रही बस ने कुचल दिया, वहीं हाफिजगंज मार्ग पर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गयी। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सोमवार को बताया कि बीती देर शाम जिले के राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज से पोलिंग पार्टियों के साथ जा रही आंगनबाड़ी महिला मतदान कर्मी बैजंती माला (35) को पोलिंग पार्टी लेकर जा रही बस ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला कर्मी को मीरगंज सीएचसी भेजा गया जहां से महिला को बरेली के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गया। जिला अस्पताल में महिला कर्मी को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव भीटा में रहने वाली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मीरगंज के गांव चुरई दलपतपुर में पोलिंग पार्टियों को कॉलेज के पीछे वाले गेट से निकाला जा रहा था। बैजती बस में बैठने के लिए जा रही थी। गेट के पास दलदल होने से चालक ने तेज गति से बस को निकाला , इस बीच बस की चपेट में बैजंती माला गंभीर रूप से घायल हो गयी। एक अन्य घटना में बीती देर शाम को क़स्बा सेंथल निवासी नदीम हुसैन (50) अपनी पत्नी सबीहा जैदी (48) के साथ बाइक से सेंथल जा रहे थे कि जादोपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक के पहिये के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### पीएम ने पीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई दी है। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा है, पीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई। ईओएस-4 उपग्रह से कृषि, वानिकी और बागान, मिट्टी में नमी और जल विज्ञान सहित बाढ़ के जोखिम वाले स्थानों का मानचित्र बनाने में सभी मौसमी परिस्थितियों में प्रासंगिक हाई रिजोल्यूशन इमेजेस प्राप्त होंगी।

### भारत ने फिर 54 चीनी ऐप बैन किए

**बीजिंग।** भारत सरकार ने फ्री फायर समेत 54 चीनी ऐप बैन कर दिए हैं. सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखकर यह फैसला किया गया है. जून 2020 से अब तक भारत 200 से ज्यादा चीनी ऐप बैन कर चुका है.इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने जिन ऐप पर बैन लगाया है, उनमें चीन की दिग्गज टेक कंपनियों के ऐप भी शामिल हैं. इन कंपनियों में टेंसेंट, अलीबाबा और नेट ईज के नाम लिए जा सकते हैं. भारत सरकार के ताजा फैसले में जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है।